भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 100

उत्तर देने की तारीख:18.07.2022

पी.एम. श्री स्कूल

†100. श्री असादुद्दीन ओवैसी:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार का विचार अत्याधुनिक अवसंरचना से सुसज्जित पी.एम. श्री स्कूल स्थापित करने का है,

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे स्कूल खोलने का मुख्य उद्देश्य क्या है;

(ग) देश में आरंभ में राज्य-वार कितने स्कूल स्थापित करने का प्रस्ताव है;

(घ) क्या यह सच है कि केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और अन्य केन्द्रीय सरकारी विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का अभाव है; और

(ड.) यदि हां, तो यह सुनिश्चित करने के लिए कि नए विद्यालयों की व्यवस्था को अपनाने से पहले विद्यमान विद्यालयों में आवश्यक अवसंरचना प्रदान की गई है, सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) से (ग): वित्त मंत्री ने 01.02.2021 को अपने बजट भाषण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के सभी घटकों को शामिल करने के लिए देश भर के 15,000 से अधिक स्कूलों को गुणात्मक रूप से मजबूत बनाने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य उन्हें अपने क्षेत्रों में अनुकरणीय स्कूलों के रूप में विकसित करना और नीति के आदर्शों को प्राप्त करने के लिए अन्य स्कूलों को सहयोग और सलाह देना है।

(घ) और (ड.): जहां तक केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविएस)/नवोदय विद्यालय समिति (एनविएस) का संबंध है, केन्द्रीय विद्यालय/नवोदय विद्यालय में सुविधाएं प्रदान करने के लिए उचित योजना बनाई जाती है, जिसमें प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेल के लिए मैदान और गेम्स, खेल, स्वच्छ शौचालय ब्लॉक, रैंप, स्टेज, असेंबली एरिया, साइकिल स्टैंड, कैंटीन, गार्ड रूम आदि शामिल हैं।

*****